हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 कुत्तों की नसबंदी करने नहीं मिल रहे ठेकेदार



07 तकनीकी दिक्कतें मौके पर सुलझाईं निर्माण में ...



## खबर संक्षेप

### माही-अनन्या करेंगी महिला क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व





**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के लिए गर्व का विषय है कि नर्मदापुरम की दो महिला क्रिकेटर मप्र क्रिकेट टीम में शामिल की गई है। संभाग क्रिकेट संघ के सचिव प्रदीप सिंह तोमर ने बताया कि आगामी 6 फरवरी से सीनियर महिलाओं का निर्धारित ओवर टूर्नामेंट बीसीसीआई द्वारा राजकोट में आयोजित हो रहा है। जिसके लिए मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ ने टीम की घोषणा कर दी है जिसमें नर्मदापुरम संभाग से माही ठाकुर और अनन्या दुबे को टीम में शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि माही ठाकुर का चयन मप्र सीनियर वर्ग महिला टीम में प्रथम बार हुआ है। दोनों खिलाड़ियों के चयनित होने पर संभाग क्रिकेट संघ के अध्यक्ष कपिल फौजदार, चेयरमैन विवेक अग्रवाल, राकेश फौजदार, रोहित फौजदार, मप्र क्रिकेट एसोसिएशन प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य अनुराग मिश्रा, उपाध्यक्ष राजेश चौरे सहित सभी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है।

### 8 रनों की बढ़त के आधार पर जीता नर्मदापुरम

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में चल रही स्व. जेएल वर्मा ट्रॉफी अंडर-13 बालक वर्ग प्रतियोगिता में नर्मदापुरम और बैतूल की टीम के मध्य फाइनल मुकाबला नर्मदापुरम के एमपीसीए ग्राउंड पर खेला जाएगा। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि अंडर-13 टूर्नामेंट में पहला मुकाबला बैतूल और नर्मदापुरम टीम के मध्य खेला गया जिसमें नर्मदापुरम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भव्य गोठी के 92 रन और निष्कर्ष परासर के 42 रनों की मदद से 217 रन बनाकर ऑल आउट हुई। बल्लेबाजी करने आई बैतूल की टीम 209 रन पर ऑल आउट हुई। यह मैच नर्मदापुरम ने पहली पारी में 8 रनों की बढ़त के आधार पर जीता। जिसमें ऑल राउंड प्रदर्शन करने पर भव्य गोठी को मेन ऑफ द मैच चुना गया।

## धरती के सम्मान और स्वस्थ भविष्य के लिए जैविक खेती ही है स्थाई समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

यदि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देना है, तो ज़हरीली खेती को छोड़कर परंपरागत और जैविक खेती अपनाना ही होगा। यह स्लोगन लिखी तख्तियां गुरूवार को नर्मदापुरम की सड़कों पर बाइक रैली में कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के हाथों में नजर आई। रैली का शुभारंभ जनप्रतिनिधि राहुल सिंह ठाकुर, गजेन्द्र चौहान, ऋषन शुक्ला, संयुक्त संचालक कृषि संभाग नर्मदापुरम डॉ. आनन्द कुमार बडोनिया, उपसंचालक कृषि जिला डॉ. रविकांत सिंह, प्राचार्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र पवारखेड़ा उपेन्द्र शुक्ला ने हरी झंडी दिखाई।

### परंपरागत खेती पर लौटे किसान

किसान परंपरागत और जैविक खेती की ओर लौटे। यह उद्देश्य जागरूक करने का मुख्य संदेश है। जिससे न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ रही है बल्कि आमजन को भी स्वस्थ और सुरक्षित भोजन मिल रहा है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की सेहत खराब हो रही है, भूजल प्रदूषित हो रहा है और मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। इसके विपरीत जैविक खेती धरती के सम्मान के साथ-साथ प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। नर्मदापुरम के कई किसानों ने गोबर खाद, जीवामृत, वर्मी कम्पोस्ट और देसी बीजों के प्रयोग से खेती शुरू की है, जिससे लागत में कमी आई है और उत्पादन भी बेहतर हुआ है। किसानों का कहना है कि जैविक खेती से फसलों की गुणवत्ता बढ़ी है और बाजार में अच्छे दाम भी मिल रहे हैं।

## सर्द हवा से कांपती रही धूप, रात के साथ ही दिन के पारे में आई गिरावट, कंपकंपाएं लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

बादलों के छटते ही नर्मदापुरम में गुरुवार को सर्द हवा से धूप कांपती नजर आई। जाते-जाते सर्दी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। जिसके कारण दिन में चली शीतलहर ने लोगों को एक बार फिर कंपकपा दिया। इस दौरान दिन और रात के तापमान में 4 डिग्री से भी अधिक का अंतर आया। बीते 24 घंटों में नर्मदापुरम का न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री की गिरावट के बाद 14.3 डिग्री पर जाकर ठहरा। वहीं दिन में चली सर्द हवा से अधिकतम तापमान 4.9 डिग्री गिरावट के बाद 23.7 डिग्री दर्ज हुआ।



### हिल स्टेशन में गिरा दिन का पारा

हिल स्टेशन पचमढ़ी में रात का पारा तो पहले से ही कम दर्ज हो रहा था, लेकिन बीती रात इसमें मामूली गिरावट और आई व न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान पिछले 24 घंटों के दौरान 4.6 डिग्री गिरकर 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में आई अचानक तेजी से गिरावट में एक बार फिर पहाड़ी एवं मैदानी इलाकों में तेज सर्दी का एहसास कराया।

### सवर्ण समाज वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में विसंगतियों और भेदभावपूर्ण नीतियों से क्षुब्ध

## यूजीसी का अनोखा विरोध: सिर पर 4500 अर्जियां लेकर पहुंचे ज्ञापन देने

यूजीसी कानून के विरोध में समाज के हजारों लोगों ने सड़क पर उतरकर गुरूवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान महामहिम राष्ट्रपति के नाम 4500 व्यक्तिगत आवेदन सिर पर रखकर पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

विश्व विद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी द्वारा 13 जनवरी से देशभर के विश्व विद्यालयों में लागू किए गए नए नियमों के खिलाफ गुरुवार को सवर्ण समाज का आक्रोश सड़कों पर नजर आया। इस दौरान जिला मुख्यालय पर अनूठा प्रदर्शन हुआ। यूजीसी कानून के विरोध में समाज के हजारों लोगों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। इस दौरान महामहिम राष्ट्रपति के नाम 4500 व्यक्तिगत आवेदन एडीएम अनिल जैन को सौंपे गए। यूजीसी एक्ट 2026 के नए नियम समाज और शिक्षा विरोधी है। यह असमानता को बढ़ावा देने वाले और मेधावी छात्रों के लिए दुखदायी है। इस दौरान 4500 अर्जियों को युवा समाजसेवी दयानंद पचौरी और जितेंद्र सिंह राठौड़ ने श्रद्धा और संकल्प के प्रतीक स्वरूप अपने सिर पर उठाकर कलेक्टर कार्यालय तक पहुंचाया। इस



दौरान हजारों की भीड़ होने के बावजूद पूरा विरोध प्रदर्शन लोकतांत्रिक मर्यादाओं के भीतर रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रशांत तिवारी, के.के. थापक, उमेश सिंह बैस, प्रदीप चौबे, अरुण दीक्षित, शैलेंद्र श्रीवास्तव, अनुराग मिश्रा, जीतेंद्र ओझा सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन सौंपने के बाद समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### एक मंच पर दिखा पूरा 'सामान्य वर्ग'

इस आंदोलन की खास बात यह रही कि इसमें किसी एक जाति विशेष के बजाय ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और कायस्थ सहित सामान्य श्रेणी में आने वाले सभी समाजों ने सामूहिक रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। महिलाओं की भारी भागीदारी ने इस आंदोलन को और मजबूती दी। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह लड़ाई उनके अधिकारों और आने वाली पीढ़ी के भविष्य की है।

### न्यायसंगत नीति और अधिकार की मांग

कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार गुबरेले ने ज्ञापन का आधिकारिक वाचन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सवर्ण समाज वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में विसंगतियों और भेदभावपूर्ण नीतियों से क्षुब्ध है। समाज ने एक स्वर में मांग की है कि शिक्षा और नियुक्तियों में न्यायसंगत प्रणाली लागू हो और विवादास्पद यूजीसी कानूनों को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए।

### कानून का विरोध सर्व समाज की बैठक

**माखननगर।** गुरुवार को परशुराम भवन में सर्व ब्राह्मण समाज ने बैठक आयोजित की। जिसमें यूजीसी कानून का विरोध किया गया और सरकार इस पर पुनर्विचार कर इसे वापिस लेने शुक्रवार को 12 बजे सवर्ण समाज की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें कानून को लेकर पुनः चर्चा की जाएगी।

## अवैध निर्माण पर कैंटोनमेंट बोर्ड का डंडा, मकान पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

कैंटोनमेंट क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया है। कैंटोनमेंट सीईओ के सख्त निर्देशों का पालन करते हुए बोर्ड की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

### मौके से निर्माण सामग्री जब्त

जानकारी के अनुसार, सर्वे नंबर 93/767 के अंतर्गत विजय सोनी द्वारा बिना आधिकारिक अनुमति के मकान का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही कैंटोनमेंट बोर्ड के सब-इंजीनियर रजत यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने न केवल चल रहे काम को तुरंत रुकवाया, बल्कि मौके पर मौजूद निर्माण सामग्री को भी जब्त कर





लिया। बोर्ड के अधिकारियों ने इस कार्रवाई के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया है कि छावनी क्षेत्र में नियमों की अनदेखी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कैंटोनमेंट बोर्ड प्रशासन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कैंटोनमेंट क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण करने से पहले उचित अनुमति लेना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## संसद में उठी मल्टी-स्पेशियलिटी व ईएसआईसी अस्पताल की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान मप्र से सांसद माया नारोलिया ने नर्मदापुरम जिले की स्वास्थ्य अवसंरचना की जर्जर स्थिति का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया। उन्होंने सदन के माध्यम से केंद्र सरकार का ध्यान इस ओर खींचा कि जिले की बढ़ती जनसंख्या के मुकाबले वर्तमान चिकित्सा सुविधाएं न के बराबर हैं। इलाज के लिए पलायन पर जताई चिंता ओर सांसद नारोलिया ने कहा नर्मदापुरम के नागरिकों को गंभीर बीमारियों, विशेषज्ञ परामर्श और आपातकालीन स्थिति में भोपाल या अन्य महानगरों की ओर भागना पड़ता है। यह न केवल आर्थिक रूप से बोझिल है, बल्कि समय पर उपचार न मिलने से कई बार मरीजों की जान पर बन आती है। श्रमिकों के





हक में ईएसआईसी अस्पताल की मांग रखते हुए विशेष रूप से जिले के श्रमिक वर्ग का पक्ष रखते हुए उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम में संगठित और असंगठित क्षेत्र के हजारों ईएसआईसी लाभार्थी श्रमिक रहते हैं। लेकिन जिले में अपना अस्पताल न होने के कारण इन श्रमिकों को बुनियादी चिकित्सा लाभों से वंचित रहना पड़ रहा है। उन्होंने श्रम मंत्रालय से जिले में तत्काल ईएसआईसी अस्पताल की स्थापना की प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया।

## सुसाइड नोट में दर्ज नाम खोलेंगे व्यापारी की मौत के राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



बुधवार को सोहागपुर से लापता हुए व्यापारी कैलाश आसवानी का शव माखननगर के होटल में मिला है होटल का मैनेजर सुबह जब कमरा चेक करने आया तो उसने खिड़की में से आवाज दी लेकिन दरवाजा नहीं खुलने पर मैनेजर ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सोहागपुर थाने में मृतक कैलाश असवानी के पुत्र मयंक ने पिता की गुमशुगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तत्काल सोहागपुर पुलिस से संपर्क कर शव की शिनाख्त की और परिजनों को बुलाकर उनकी मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया। मृतक के कमरे से सुसाइड नोट मिला है और सल्फास की खाली डिब्बी मिली हैं शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया गया पुलिस ने बताया सुसाइड नोट में सोहागपुर के लोगों के नाम है जो मृतक को प्रताड़ित कर रहे थे प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लग रहा है मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। वहीं मृतक के बड़े भाई ने बताया कैलाश के ऊपर कर्ज था संभवतः कर्ज के कारण उसने यह कदम उठाया होगा।

## महाविद्यालय में सम्मानित हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के अथक प्रयासों से मिली सौगातों के बाद गुरूवार को श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में विधायक विजयपाल सिंह को सम्मानित किया गया।

विदित हो कि विधायक के प्रयासों से नवीन भवन के ऊपरी हिस्से पर बने नवनिर्मित कक्षों के अवलोकन व औपचारिक शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विधायक के साथ महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी, हर्ष तिवारी, लायंस



क्लब अध्यक्ष जनभागीदारी समिति के समस्त सदस्य, व नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे ने विधायक का स्वागत करते हुए धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में समस्त अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, शॉल व श्रीफल से किया गया। विधायक का स्वागत गजमाला, शॉल व श्रीफल से करते हुए प्राचार्य ने आभार पत्र प्रस्तुत किया। विधायक ने महाविद्यालय के पुराने भवन के नवनिर्माण हेतु 5 करोड़ की राशि भी स्वीकृत करते हुए आश्वासन दिया कि अगले वर्ष तक एक और नया भवन बनकर तैयार हो जाएगा।

### निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** वार्ड क्र. 06 में विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, पंकज पांडेय, जितेन्द्र तिवारी, अतुल भंडारी, नरेंद्र पटेल पार्षद, वार्ड पार्षद राजेंद्र उपाध्याय द्वारा छोटी बजरिया में नाली, पुलिया और सड़क निर्माण का निरीक्षण किया। अच्छी गुणवत्ता से कार्य हो इसके लिए संबंधित ठेकेदार को बताया और वार्ड एवं नगर के विकास के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा जिससे आम जनता को सुविधाएं मिलेंगी। इस उपलक्ष्य में सभी वार्ड द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया गया। पार्षद उपाध्याय द्वारा और भी बचे शेष कार्यों के लिए महेन्द्र यादव से आग्रह किया।

## 254 लाख की लागत से सूकरी मनकवाड़ा रोड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

विधायक विजयपाल सिंह ने गुरुवार को सूकरी-मनकवाड़ा सड़क एवं पुल निर्माण के लिये भूमिपूजन किया है। यह सड़क सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र में निर्मित होगी। इस दौरान भाजपाई एवं ग्रामीण उपस्थित थे। विधायक कार्यालय से जारी प्रेसनोट के






अनुसार गुरुवार को सोहागपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम सूकरी से मनकवाड़ा तक प्रस्तावित सड़क एवं पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह द्वारा किया गया है। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य की कुल लागत 254 लाख रुपये है। भूमिपूजन दौरान विधायक सिंह ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सड़क एवं पुल जैसी आधारभूत सुविधाएं अत्यंत आवश्यक हैं। इस सड़क के निर्माण से ग्राम सूकरी तथा मनकवाड़ा सहित आसपास के गांवों के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को गति प्राप्त होगी। ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए विधायक विजयपाल सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया तथा उनका सम्मान किया है। इस दौरान सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, शोभापुर मंडल अध्यक्ष प्रदीप पटेल, रामबाबू रघुवंशी, सोहागपुर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री भगवान सिंह पटेल, रामनारायण पालीवाल व ललित पुर्विया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### रामभक्ति से राजनीति तक, अब अध्यात्म की राह पर विक्रम मस्ताल नर्मदा परिक्रमा पर निकले

## यात्रा केवल पैदल चलने की नहीं, बल्कि स्वयं से मिलने की है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

बुधनी विधानसभा से चुनाव लड़ने के बाद मन में विचार आया कि मैया रेवा का साक्षात्कार किया जाए। इसी संकल्प के साथ मैया नर्मदा की पैदल परिक्रमा पर निकल पड़े। यह कहानी उस अभिनेता है जो रामायण में हनुमान की भूमिका निभा चुके हैं। धर्म और आध्यात्म से जुड़ने और मैया रेवा की सेवा करने का संकल्प लेकर उनकी यात्रा जारी है। गुरूवार को वह नर्मदापुरम पहुंचे। जहां फिल्म अभिनेता और कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल ने मां नर्मदा की पैदल परिक्रमा के अनुभव शेयर किए। मस्ताल का कहना है कि यह यात्रा केवल पैदल चलने की नहीं, बल्कि स्वयं से मिलने की है। अभिनय और राजनीति



के बाद अब वे अध्यात्म की ओर बढ़ते नजर आए। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ बुधनी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके है। उन्होंने बताया कि मां नर्मदा के तटों पर आकर उन्हें गहरी शांति और सुकून का अनुभव हो रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी पैदल परिक्रमा को अब तक 84 दिन पूरे हो चुके हैं। नर्मदा मैया के किनारे खड़े होकर जो अनुभूति होती है, वह शब्दों से बयां नहीं की जा सकती है। यह मेरे जीवन का एक दुर्लभ और अद्भुत अनुभव है।

### जुहू चौपाटी की कॉफी से संतों के काढ़े तक का सफर

अपने जीवन में आए बदलावों को साझा करते हुए विक्रम मस्ताल ने कहा, मुंबई में जुहू चौपाटी और स्टारबक्स में कॉफी पीने वाला इंसान आज संतों के साथ काढ़ा पी रहा है। मां नर्मदा के तट पर यह अनुभव आत्मा को छू लेने वाला है।

### बुधनी से मुंबई तक संघर्ष भरा सफर

विक्रम मस्ताल ने अपने शुरुआती जीवन पर बात करते हुए बताया कि उनकी शिक्षा-दीक्षा सीहोर जिले के बुधनी विधानसभा क्षेत्र स्थित बायां ग्राम में हुई। नर्मदापुरम कॉलेज से पढ़ाई पूरी करने के बाद वे बिना किसी योजना और संसाधन के मुंबई पहुंचे। उन्होंने कहा, मुंबई जाने की कोई प्लानिंग नहीं थी। न कोई पहचान थी, न आर्थिक मजबूती। लेकिन भगवान की कृपा से पहला सीरियल आंखें मिला। इसके बाद रामायण, आश्रम-3 समेत कई टीवी सीरियल और वेब सीरीज में काम करने का मौका मिला।

### अभिनेता से नेता बने

हनुमान जी का किरदार निभाकर देशभर में पहचान बनाने वाले विक्रम मस्ताल ने राजनीति में कदम रखते हुए विधानसभा चुनाव में शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा। अब वे नर्मदा परिक्रमा के जरिए आत्मिक शांति और जीवन के गहरे अर्थ की खोज में लगे हैं।

## खबर संक्षेप

### कोठीबाजार स्थित बड़े तालाब में मिला शव

**बैतूल।** कोठी बाजार स्थित बड़े तालाब में गुरुवार शाम एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला। स्थानीय नागरिकों ने शव देखकर तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। आसपास के लोगों ने बताया कि लगभग चार दिन पहले भी एक व्यक्ति के तालाब में कूदने की सूचना मिली थी। उस समय पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन कोई बचाव या तलाशी अभियान नहीं चलाया गया था। आशंका है कि आज मिला शव उसी व्यक्ति का हो सकता है। मृतक ने एक स्वेटर पहन रखा है और उसके बाल सफेद बताए जा रहे हैं। पानी में चेहरा डूबा होने के कारण शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकालने के लिए गोताखोरों को बुलाया है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। यह आत्महत्या, दुर्घटना या किसी अन्य कारण से हुई मौत है, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगी।

### सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत

**बैतूल।** बैतूल-नागपुर नेशनल हाईवे पर बुधवार रात एक सडक़ हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह घटना बोथिया जोड़ के पास हुई। मृतक की पहचान झिटापाटी निवासी अम्मु (18) पिता गोंडी सरियाम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अम्मु अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही फोरलेन एंबुलेंस मौके पर पहुंची और शव को जिला चिकित्सालय बैतूल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआत में मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी, लेकिन बाद में शिनाख्त होने पर परिजनों को सूचना दी गई। गुरुवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### हृदय रोग से जूझ रहे 11 मासूमों को मिली नई जिंदगी की उम्मीद

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में गुरुवार को बैतूल जिला चिकित्सालय से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हृदय रोग से ग्रसित 11 बच्चों को उन्नत उपचार के लिए श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल अहमदाबाद रवाना किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हुरमाडे ने हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को रवाना किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ.हुरमाडे ने बच्चों और उनके परिजनों से आत्मीय चर्चा की। उन्होंने इलाज की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए परिजनों को भरोसा दिलाया कि बच्चों का उपचार अनुभवी डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा। साथ ही सभी बच्चों के जल्द स्वस्थ होकर बैतूल लौटने की कामना की। सीएमएचओ डॉ. हुरमाडे ने बताया कि 14 जनवरी को भोपाल स्थित जेपी अस्पताल में आरबीएसके के तहत विशेष हृदय रोग जांच शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर में बैतूल जिले के विभिन्न विकासखंडों से 75 बच्चों की जांच कराई गई, जिनमें चिन्हित किए गए बच्चों में से 11 बच्चों को गुरुवार को जिला चिकित्सालय बैतूल के डीआईसी से एंबुलेंस एवं आरबीएसके द्वारा रानी कमलापति स्टेशन भोपाल रवाना किया गया।

### जिला स्तरीय वाहन रैली 30 जनवरी को

**बैतूल।** मप्र. शासन द्वारा किसान कल्याण वर्ष-2026 के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी उपलक्ष्य में जिला स्तर पर प्रचार-प्रसार हेतु मोटरसाइकिल, फोर व्हीलर, वाहन रैली 30 जनवरी को शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम बैतूल से प्रातः 10 बजे आयोजित की गई है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास उप संचालक ने बताया कि रैली का उद्देश्य जिला स्तर पर किसानों के बीच जागरूकता का वातावरण निर्मित करना है।

### शहर में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या, नपा चार बार निकाल चुकी है टेंडर

# कुत्तों की नसबंदी करने नहीं मिल रहे ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर में कुत्तों से लोगों को बचाने के लिए नगरपालिका की ओर से टेंडर लगाए जा रहे हैं, लेकिन ठेकेदार नहीं मिल रहे हैं। आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए किसी भी ठेकेदार की ओर से दिलचस्पी न दिखाने की वजह से टेंडर रद्द हो रहे है, जबकि नगरपालिका द्वारा आवारा कुत्तों की नसबंदी कराने के लिए चार बार टेंडर निकाले जा चुके है। ठेकेदार नहीं मिलने से नगरपालिका अभी तक आवारा कुत्तों की नसबंदी का काम शुरू नहीं कर पाई है। दूसरी ओर लोग आवारा कुत्तों से परेशान हैं। शहर की मुख्य सडक़ों के साथ-साथ गलियों में आवारा कुत्तों की बड़ी संख्या देखी जा रही है, जो झुंड बनाकर सडक़ों पर घूमते है या बैठे रहते है, जो रात्रि लोगों को देखकर हमला बोल कर उन्हें काट भी लेते हैं। इससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि इनकी संख्या तेजी से बढ़ रही है। लोग मांग करते हैं कि आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाया जाए। जिसके लिए नगरपालिका ऐसी संस्था या ठेकेदार की तलाश में है जो यह कार्य कर सके। इस कार्य के लिए नगरपालिका ने 15 लाख रुपये का बजट भी रखा है। लेकिन ठेकेदार नहीं मिलने से आवारा कुत्तों की नसबंदी नहीं हो पा रही है। जिससे लोगों को आवारा कुत्तों के आतंक से काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। बताया जाता है कि इस कार्य का पशु प्रेमियों द्वारा खासा विरोध किया जाता है। जिसके चलते ठेकेदार यहां पर यह कार्य करना ही नहीं चाहते हैं।

**ठेकेदारों की दिलचस्पी न दिखाने की वजह से टेंडर बार-बार हो रहे हैं रद्दा, नगर पालिका चार बार जारी कर चुकी है टेंडर**

**शहर की मुख्य सड़कों के साथ-साथ गलियों में आवारा कुत्तों की लगातार बढ़ रही संख्या से लोगों में भी है दहशत का माहौल**



#### आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण नहीं

शहर में कुत्तों की तेजी से संख्या बढ़ रही है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुमान के मुताबिक शहर में आवारा कुत्तों की संख्या एक हजार से अधिक होने का अनुमान है। पिछले कुछ समय में कुत्तों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है, जिसकी मुख्य वजह नपा द्वारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण नहीं किया जाना बताया जा रहा है। नगरपालिका के पास शहर में आवारा कुत्तों का कोई आंकड़ा नहीं है। लोगों की माने तो हरेक वार्ड में 25 से 35 औसत कुत्ते हो सकते हैं। जिस पर किसी का नियंत्रण नहीं है और यह सीजन दर सीजन बढ़ते ही जा रहे हैं। लोगों ने बताया कि कुत्ते झुंड सडक पर घूमते हैं। पैदल चलने वालों पर झुंड में हमला कर देते हैं। इससे लोगों को खतरा बना हुआ है।

#### आवारा कुत्तों से छोटे बच्चों ज्यादा खतरा

छोटे बच्चों के लिए आवारा कुत्ते ज्यादा बड़ा खतरा हैं। कुत्तों के लिए छोटे बच्चे आसान शिकार होते हैं। पिछले दिनों कई क्षेत्रों से आवारा पागल कुत्तों द्वारा छोटे बच्चों को काट लेने की खबरें आई। कई लोग भी कुत्तों के काटने का शिकार हुआ है। जिला अस्पताल में एक साल के भीतर डॉग बाइट के 800 से एक हजार केस जिला अस्पताल पहुंच चुके है। जानकार बताते है कि आवारा कुत्तों में रैबिज का खतरा अधिक रहता है। ऐसे कुत्ते यदि किसी इंसान को काट ले और उसका समय पर इलाज न कराया जाये तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। इधर कुछ पशुपालक भी कुत्तों को जरूर पालते है, लेकिन उन्हें समय पर टीका नहीं लगाते है या लापरवाही करते है। इस तरह की लापरवाही न सिर्फ अन्य लोगों के लिए घातक साबित होती है, बल्कि पालतू पशुओं, कुत्तों के लिए भी घातक है।

#### नहीं मिल रहे ठेकेदार

आवारा कुत्तों की नसबंदी करने के लिए चार बार टैंडर निकाले जा चुके है। लेकिन एक भी ठेकेदार सामने नहीं आया। अब पांचवी बार पुनः टैंडर निकाले जा रहे है। उम्मीद है कि इस बार कोई ठेकेदार मिल जाये।

**– संतोष धनेलिया, स्वच्छता प्रभारी, नगरपालिका बैतूल**

### 1 फरवरी को होगी वंदे मातरम एकल गायन प्रतियोगिता

**बैतूल।** देश के स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्र चेतना का संचार करने वाले राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में माधव साख सहकारी संस्था, बैतूल द्वारा आयोजित सम्पूर्ण राष्ट्रगीत वंदे मातरम् एकल गायन प्रतियोगिता का व्याख्यान एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम रविवार 01 फरवरी को दोपहर 2 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन अटल सभागृह, जे.एच. कॉलेज, बैतूल में होगा। माधव साख सहकारी संस्था, बैतूल के अध्यक्ष रमेश बोरखड़े ने बताया कि वंदे मातरम् के उद्घोष मात्र से जन-जन में राष्ट्रभक्ति और चेतना जागृत होती है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए संस्था द्वारा जनवरी 2026 में विद्यार्थियों के लिए एकल गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसके साथ ही संस्था द्वारा गत माह विद्यार्थियों के माध्यम से 7000 परिवारों तक प्लास्टिक निषेध एवं विकल्प अभियान भी चलाया गया, जिसमें चयनित पर्यावरण मित्र विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके उपस्थित रहेंगे।

### पिता-पुत्र ने मिलकर की थी युवक की हत्या

## पुलिस ने किया हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

आठनेर पुलिस ने सावंगी नदी पुलिया के नीचे मिले एक युवक की हत्या का खुलासा करते हुए पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान राजेश आज़ाद के रूप में हुई थी, जिसका शव 20 जनवरी को बरामद किया गया था। मृतक राजेश आज़ाद के परिजन कृष्णा आज़ाद की सूचना पर आठनेर थाना में मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने इसे हत्या का मामला पाया। पुलिस जांच में सामने आया कि 19-20 जनवरी की रात करीब डेढ़ बजे राजेश का विवाद नारायण खंडाइट और उसके बेटे ओम खंडाइट से हुआ था। विवाद के दौरान दोनों आरोपियों ने राजेश के साथ मारपीट की। घायल राजेश को वे मोटरसाइकिल पर बैठाकर मांडवी जोड़ पुलिया तक ले गए। वहां से उन्होंने राजेश को पुलिया के नीचे फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने संदेह के आधार पर नारायण खंडाइट (55) और ओम खंडाइट (27), दोनों निवासी मांडवी, को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा और एक बिना नंबर की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल जब्त की गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

### एबीवीपी के आंदोलन का असर

## विद्यालय तक जाने वाली सड़क निर्माण को मिली स्वीकृति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/मुलताई

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के निरंतर प्रयासों एवं आंदोलन के परिणामस्वरूप विद्यालय तक पहुंचने वाली लगभग 200 मीटर जर्जर सडक़ के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्षों से खराब स्थिति में पड़ी इस सडक़ के कारण विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब शीघ्र ही सडक़ निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

परिषद द्वारा ज्ञापन एवं प्रदर्शन के माध्यम से लगातार जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया गया। इसके पश्चात विधायक प्रतिनिधि श्री रविंद्र (रवि) देशमुख द्वारा विद्यालय एवं क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं से क्षेत्रीय विधायक चंद्रशेखर देशमुख को अवगत कराया गया। जिस पर विधायक ने त्वरित संज्ञान लेते हुए सडक़ निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की। क्षेत्रीय विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मांग को स्वीकार करते हुए यह भी आश्वासन दिया कि वे स्वयं प्रभात पट्टन पहुँचकर स्थल का निरीक्षण करेंगे तथा कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बैतूल जिला संयोजक दीपेंद्र पवार, नगर मंत्री टोनी शिवहरे, नगर सह मंत्री शुभम खवादे, नगर सह मंत्री रवि तायवाड़े, सानिध्य पाल, राजा कसारे, आयुष पाल, संकेत मालवीय, गौरव आदि रहे मौजूद।

### पहला सुख निरोगी काया के सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचा रहा विभाग

## आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम से विद्यार्थियों में जाग रही स्वस्थ जीवनशैली की अलख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।



जिले में आयुष विभाग, मध्य प्रदेश द्वारा संचालित आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों और स्कूली छात्र-छात्राओं को आयुष चिकित्सा पद्धतियों की जानकारी दी जा रही है और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य पहला सुख निरोगी काया के सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जिले के विभिन्न विकासखंडों में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉक्टर मनोज वर्मा एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉक्टर रैना कासदे के मार्गदर्शन में जन-जागरूकता कार्यक्रमों और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आयुष चिकित्सकों द्वारा स्कूलों में कार्यशालाएं आयोजित कर विद्यार्थियों को आयुर्वेद आधारित दिनचर्या, ऋतुचर्या, योग, प्राणायाम, स्वच्छता और संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के तहत बच्चों और युवाओं को बदलते पर्यावरण, बढ़ती स्क्रीन टाइम और आधुनिक जीवनशैली के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं, साथ ही आयुष उपचार के माध्यम से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। वृद्धजनों के लिए वयोमित्र, बेहतर संतति के लिए सुप्रजा तथा अस्थि व पेशियों से जुड़ी समस्याओं से बचाव के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर ने बताया कि दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 तक चल रहे इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक जिले में 1000 से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं। आयुष विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस अभियान को सफल बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे आयुष विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## ग्राम पंचायत छावल में मनाया गया आनंद उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

हर साल की तरह इस साल भी राज्य सरकार द्वारा हर पंचायत स्तर पर आनंद उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांव के बुजुर्ग लोगो के साथ पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव के लोगों के साथ खेल गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमे रस्सी खींच, चमच दौड़, कबड्डी आयोजित की गई। ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले स्कूल एवं प्राइवेट स्कूल के बच्चो ने रागरंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ग्राम पंचायत छावल के सरपंच राजू कापसे, सचिव सिकरवार, प्रकाश विश्वकर्मा हाई सेकेंडरी स्कूल छावल के मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य किरण खोबरे, प्रदीप कुमार चौकीकर, दिनेश मोरले, दिलीप उईके, राजेंद्र गुजरे, अखलेश प्रजापति, मनीष हुरमाड़े, दिलीप उईके, राजेंद्र गुजरे उपस्थित थे।

## भगवान लक्ष्मीनारायण के अभिषेक से शुरू हुआ तीन दिवसीय विश्वकर्मा जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।



विश्वकर्मा मंदिर गंज में तीन दिवसीय भगवान श्री विश्वकर्मा जी का जयंती महोत्सव आज गुरुवार भगवान श्री लक्ष्मीनारायण जी के अभिषेक, हवन एवं पूजन के साथ विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। आयोजन में विश्वकर्मा (बढ़ई) समाज के साथ अन्य समाजों के श्रद्धालुओं ने भी बड़ी संख्या में सहभागिता की और मंत्रोच्चार के बीच विधिपूर्वक पूजन कर भगवान से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर महिला मंडल द्वारा सामूहिक भजन-पूजन किया गया। महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक एकादशी की कथा का श्रवण किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान मंदिर परिसर में आस्था और श्रद्धा का विशेष दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला एवं पुरुषों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इसमें काव्य पाठ सहित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई, जिन्हें उपस्थित श्रद्धालुओं ने सराहा। आयोजन के पहले दिन धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का संतुलित स्वरूप देखने को मिला।

**बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आज**–विश्वकर्मा (बढ़ई) समाज समिति के अध्यक्ष गणेश मालवी एवं सचिव शशिकांत मालवी ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन आज 30 जनवरी को बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### संगीत कार्यक्रम आवाज़ के सितारे 21 फरवरी को

**बैतूल।** जिले की साहित्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था शब्द का बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम आवाज़ के सितारे आगामी 21 फरवरी शनिवार को रात्रि 8 बजे से स्थानीय जयवंती हक्सर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल के मुक्ताकाश मंच पर आयोजित होगा। यह कार्यक्रम पूर्व अधिवक्ता एवं सांसद स्व. विजय खण्डेलवाल की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। शब्द संस्था द्वारा प्रतिवर्ष पुराने गीतों की प्रस्तुति का यह विशेष आयोजन किया जाता है, जिसका संगीत प्रेमियों को लंबे समय से इंतजार रहता है। कार्यक्रम के संयोजक प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि आवाज़ के सितारे में देश के ख्यातिप्राप्त कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकार भी अपनी सुरमयी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम की तैयारी के लिए स्थानीय कलाकार नियमित अभ्यास कर रहे हैं। शब्द संस्था की ओर से वरिष्ठ कलाकार दिनेश जोसेफ ने जानकारी दी कि बीते लगभग 18 वर्षों से यह कार्यक्रम दिसंबर-जनवरी माह में आयोजित होता रहा है, लेकिन इस वर्ष ठंड को ध्यान में रखते हुए संस्था ने इसे फरवरी माह में आयोजित करने का निर्णय लिया है।

### जल जीवन मिशन के तहत ग्राम फूलबेरिया में नल जल योजना ग्राम को समर्पित

## जल जीवन मिशन ग्रामीण जीवन में ला रहा बड़ा बदलाव : विधायक उइके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम स्तरीय जन भागीदारी कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत बादलपुर के ग्राम फूलबेरिया में 29 जनवरी को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जल जीवन मिशन के तहत स्थापित ग्राम की नल जल योजना को विधिवत रूप से ग्राम को समर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके, विपलव समददार, केऊलाल यादव, जनपद सदस्य प्रदीप विश्वास, श्रीमती सैनवती कवडे उपस्थित थी। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा के माध्यम से विभिन्न घरेलू नल कनेक्शनों से जल एकत्रित कर मंच के मुख्य कलश में संग्रहित किया गया। स्थानीय लोक नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पेयजल गुणवत्ता, पेयजल संग्रहण, नल जल योजना के संचालन एवं संधारण के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि घोड़ाडोंगरी




विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके ने कहा कि जल जीवन मिशन ग्रामीण जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है और महिलाओं को पानी की समस्या से राहत मिली है। उन्होंने पूर्व में ग्राम में पेयजल की समस्या एवं वर्तमान में जल जीवन मिशन से ग्राम को शासन के द्वारा दी गई सुविधा को विधिवत बनाये रखने के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में जल के अपव्यय को रोकने, जल संरक्षण, जल संरचनाओं की देखरेख का संकल्प भी लिया गया।

#### जल जीवन मिशन से आए बदलाव की दी जानकारी

ग्राम सरपंच श्रीमती प्रमिला ककोडय़ी के द्वारा ग्राम की सामान्य जानकारी के साथ-साथ जल जीवन मिशन की उपलब्धियों एवं सहभागिता के विषय में बताया गया। ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की अध्यक्ष श्रीमती कल्पना राय एवं श्रीमती प्रभा सरदार सदस्य के द्वारा जल जीवन मिशन से आए बदलाव, ग्राम में पेयजल की सहज एवं सुलभ उपलब्धता के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि नल जल योजना आने से गांव में पानी भरने की चिंता से मुक्ति मिली है। साथ ही छात्रों एवं छात्राओं को पढ़ाई के लिए अतिरिक्त समय मिल जाता है।

#### निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता से दिया जल संरक्षण का संदेश

कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण के उद्देश्य से प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के छात्रों ने चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में कुमारी अक्षिता दास कक्षा 8 वी की छात्रा प्रथम रही, वहीं चित्रकला में कुमारी राशि सरकार प्रथम स्थान पर आई। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान की छात्राओं को प्रमाण एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री मनोज बघेल, सहायक यंत्री योगेश धुर्वे, उपयंत्री विवेक रामटेके, जिला सलाहकार भूपेन्द्र सिंह मेनवे, विकासखंड समन्वयक माधुरी सूर्यवंशी एवं सीमा मसतकर उपस्थित रही।

**CHANGE OF NAME**

I No.-10390507W Rank- EX HAV, Name- **ANAND RAO LIKHITKAR** Vill.- Dawla, Post- Dawla, Teh.- Multai, Distt.- Betul (MP) Pin- 460666, have Changed my Daughter's Name from **KUMARI AISHWARYA** to **KUMARI AISHWARYA LIKHITKAR** vide affidavit dated 28/01/2026 before Notary Betul, Distt.- Betul (MP)

## नपा का बाजार क्षेत्र में अभियान, सड़क पर खड़े हाथ ठेलों पर की जा रही कार्रवाई

# तकनीकी दिक्कतें मौके पर सुलझाईं निर्माण में तेजी लाने के दिए निर्देश

कटोरे की तरह बने इटारसी शहर ने बारिश का दौर सबसे कठिन होता है। जगह जगह जल भराव से आमजीवन प्रभावित रहता है। इस समस्या का समाधान नपाध्यक्ष द्वारा धीरे धीरे किया जा रहा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर को जलभराव की पुरानी समस्या से निजात दिलाने के लिए नगरपालिका प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। गुरुवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने पार्षद मनीषा आशुतोष अग्रवाल और राहुल प्रधान के साथ भारत टॉकीज रोड पर बन रहे नाले का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में आ रही तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं को मौके पर देखा गया और ठेकेदार को तुरंत समाधान के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बाधाओं को तुरंत दूर कर निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए।

### 1.85 करोड़ की लागत से बन रहा है महत्वपूर्ण

नालानगरपालिका द्वारा न्यास कॉलोनी के शिक्षक नगर से चिकमंगलूर चौराहे तक लगभग 1 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से इस बड़े नाले का निर्माण कराया जा रहा है। यह नाला शहर की जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करेगा और बाजार एवं रिहायशी इलाकों को जलभराव से राहत दिलाएगा।

### मानसून से पहले पूरा होगा

मुख्य कार्यनपा अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश शुरू होने से पहले नाले और पुलिया का मुख्य कार्य हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि मानसून में नागरिकों को किसी तरह की परेशानी न हो।

### बाजार क्षेत्र को मिलेगी बड़ी राहत

भारत टॉकीज से सूर्या होटल और अग्रवाल स्कूल तक के मार्ग पर जल निकासी की बेहतर व्यवस्था की जाएगी। इससे बाजार क्षेत्र में व्यापारियों को जलजमाव से होने वाले नुकसान से राहत मिलेगी और आवागमन भी सुचारू रहेगा।

### स्थाई समाधान की ओर शहर

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि यह परियोजना शहर की जल निकासी व्यवस्था की रीढ़ साबित होगी। अभी थोड़ी सी बारिश में ही बाजार क्षेत्र तालाब में तब्दील हो जाता है, जिससे व्यापार और यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है। नाले का निर्माण पूर्ण होते ही बाजार क्षेत्र और आसपास की कॉलोनियों को जलभराव से स्थायी मुक्ति मिलेगी।

### हाथ ठेले जब्त किए



इटारसी-बाजार क्षेत्र में नगरपालिका का अतिक्रमण दल पहुँचा। सड़क पर खड़े होने वाले हाथठेलो को जप्त करने की कार्यवाही की जा रही है।

# 'भारत के सुपर फाउंडर्स' टीवी शो में बिजनेस गुर सिखाएंगे शिवम मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नर्मदापुरम शहर के युवा उद्यमी शिवम मिश्रा टीवी शो 'भारत के सुपर फाउंडर्स' में अपनी जगह बना चुके हैं तथा वे व्यूवर्स को बिजनेस के गुर सिखाएंगे। शिवम मिश्रा के मामा सोहागपुर निवासी कीर्ति दुबे ने बताया कि भारत के सुपर फाउंडर्स टीवी शो उद्यम क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवाओं को मंच देता है। जिसमें बॉलीवुड स्टार और स्वयं एक अच्छे कारोबारी सुनील शेट्टी युवाओं को मेंटर के रूप में कुछ सीख तथा सबक देते हैं।

### मिलते हैं निवेशक

शिवम मिश्रा ने बताया कि शो में निवेश विशेषज्ञ तथा उद्योगपति अनुभव साझा करते हैं व चयनित स्टार्टअप्स को अच्छा निवेश प्राप्त हो सकता है। शो नए व्यवसायियों के लिये अच्छे एवं स्थायी निवेशक दे सकता है। कीर्ति दुबे ने बताया कि भांजे शिवम मिश्रा की टीम मेकथॉन में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हो चुकी है। मिश्रा को नर्मदापुरम् जिला क्षेत्र के समस्त नागरिकों ने उद्यम क्षेत्र में सफलता पर एवं टीवी शो में प्रवेश पर बधाई दी है।

# भाव में अंतर क्या है? आज मंडी में दी जाएगी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मध्य प्रदेश राज्य कृषि एवं विपणन बोर्ड के निर्देशानुसार, इटारसी कृषि उपज मंडी में सोयाबीन भावांतर योजना से जुड़े किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 जनवरी को सुबह 10 बजे से 31 जनवरी को दोपहर 2 बजे तक मंडी गेट पर आयोजित होगा। भावांतर योजना के अंतर्गत आने वाले किसानों को अक्सर भुगतान या पोर्टल संबंधी तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मंडी सचिव प्रशांत पांडे ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य किसानों की भुगतान से संबंधित लंबित शिकायतों और अन्य समस्याओं का मौके पर ही उचित निराकरण करना है। मंडी में विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल ने क्षेत्र के सभी संबंधित किसानों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी समस्याओं के दस्तावेज़ों के साथ समय पर पहुंचें ताकि शासन की योजना का लाभ उन्हें सुचारू रूप से मिल सके।

### जपं के कर्मचारियों का हुआ स्वास्थ परीक्षण

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं भारतीय रेडक्रॉस समिति नर्मदापुरम अध्यक्ष सोनिया मीना के निर्देश एवं अरुण शर्मा जी चेयरमैन, के मार्ग दर्शन में डॉ राजेश माहेश्वरी डॉ हर्षल काबरे सचिव एवं जिला प्रबंध समिति के सहयोग से स्वस्थ नागरिक बेहतर कार्यक्षमता बेहतर अर्थव्यवस्था कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा जिसमें बी पी शुगर, हाइट वेट, बी आई एम, के परीक्षण किया जा कर शारीरिक स्वस्थ की जानकारी जागरूकता के उद्देश्य से स्वस्थ परीक्षण शिविर का नियमित आयोजन किया जा रहा है।

जिसके अन्तर्गत जनपद पंचायत नर्मदापुरम में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 39 अधिकारी कर्मचारी ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

# आदिवासी समाज की बेटियों ने लिया ब्राइडल मेकअप कोर्स का निरीक्षण

## ग्रामीण महिला सशक्तिकरण की दिशा में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व एफडी राखी नंदा व डीडी ऋषिभा नेताम ने ग्रामीण महिला सशक्तिकरण में नव पहल की है। महिला रोजगार की व्यवस्था कराने बागड़ा बफर क्षेत्र में ईको विकास समितियों की बालिकाओं के लिए रोजगार उन्मुखी ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम छेड़का में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण दिया गया।

इसमें ग्रामों छेड़का, सियारखेडा, टेकापार, सेहरा एवं कामती की 20 बालिकाओं एवं महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। गत दिनों प्रशिक्षण की पूर्णता पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की ओर से समापन आयोजन किया गया। जिसमें प्रत्येक प्रशिक्षु महिला तथा बालिका को मेकअप किट व प्रमाण पत्र दिये गए हैं। इस दौरान रिजर्व एडी आशीष कुमार, रेंजर विलास डोंगरे ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ब्यूटी पार्लर से रोजगार पाने एवं आत्मनिर्भर होने में सहयोग मिलेगा। इस दौरान प्रशिक्षक चेतना कुशवाहा, परिक्षेत्र सहायक मुकेश बरकरे, दीपक राजपूत, दुष्यंत मीना तथा एसटीआर के स्टाफकर्मी उपस्थित थे।



# सनफ्लॉवर स्कूल में हुआ वार्षिक खेल उत्सव 'जीत की रोशनी' आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




नगर के सनफ्लॉवर स्कूल में गत दिनों खेल उत्सव 'जीत की रोशनी' शुरू किया गया था, जो गुरुवार को संपन्न हुआ। जिसमें उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। स्कूल डायरेक्टर्स दीपक साहू एवं संदीप साहू ने बताया कि शुभारंभ कार्यक्रम में अतिथि रूप में क्षेत्रीय संत पं. प्रकाश मुदगल, नपाध्यक्ष लता पटेल, सेवानिवृत प्राचार्या तारा जायसवाल, समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल, हरिहर सिंह राजपूत, पार्षद आशीष विश्वकर्मा, प्रदीप दुबे, बलबीर पवार, संध्या नागवंशी आदि उपस्थित थे। शाला परिवार की ओर से मिश्रीलाल साहू, महेश साहू, यशवंत साहू, माया साहू, त्रिवेणी साहू, गायत्री साहू, प्रवीण साहू ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान स्कूल स्टाफ व पालकगण उपस्थित थे। यह तीन दिवसीय खेल समारोह गुरुवार को संपन्न हुआ।

समापन समारोह में स्कूल के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया गया है। इस अवसर पर पं. प्रकाश मुदगल ने कहा कि सनफ्लॉवर स्कूल नव संस्कारित पीढ़ी तैयार कर रहा है। वहीं क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल ने कहा कि देश को भावी राष्ट्रवादी पीढ़ी देने का दायित्व शिक्षा केंद्रों का है एवं यह भूमिका सनफ्लॉवर स्कूल बहुत अच्छे से निभा रहा है।

# आनंद उत्सव में विद्यार्थियों के साथ कर्मचारी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

जनपद पंचायत माखन नगर द्वारा बुधवार को हाई स्कूल प्रांगण में खंड स्तरीय आनंद उत्सव के आयोजन में विभिन्न खेल प्रतियोगिता रखी गई जिसमें जनपद अध्यक्ष सदस्य गण जनप्रतिनिधि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं खंड स्तर के विभाग प्रमुख अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे कार्यक्रम के शुभारंभ में दीप प्रज्वलित कर सरस्वती पूजन करने के उपरांत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

इसमें कबड्डी वालीबाल क्रिकेट रस्सा कशी कुर्सी दौड़ मटकी दौड़ चम्मच दौड़ पिट्टू दौड़ का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में महिला कबड्डी में प्रथम स्थान पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल पुरुष वर्ग में माना गांव क्रिकेट में स्वास्थ्य विभाग प्रथम स्थान मटकी दौड़ में सी एम राइस स्कूल रस्सा कशी में पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल कुर्सी दौड़ में स्वास्थ्य विभाग पी एम श्री स्कूल बालिका वर्ग में सी एम राइज स्कूल चम्मच दौड़ में पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल वॉलीबॉल में माखन नगर द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया।



# माता के दरबार में लग रही भक्तों की आस्था की चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की आस्था का प्रमुख केंद्र अति प्राचीन श्री श्री बूढ़ी माता मंदिर में 26 जनवरी से 7 दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन शुरू हुआ है।प्रतिदिन महायज्ञ में सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक यजमानों द्वारा हवन कुंड में आहुतियां छोड़ी जा रही है।वही मंदिर परिसर में कथावाचक द्वारा अपने श्रीमुख से रामकथा का रसपान श्रोताओं को कराया जा रहा है। आज कथावाचक पंडित चंद्रकांत भार्गव ने व्यास गादी से रामचरित मानस में कथा सुनाते हुये कहा कि रामायण में दशरथ प्रसंग वरदान का प्रसंग माता के द्वारा मांगा गया था माता कैकई द्वारा वरदान मांगा गया रघुकुल रीत सदा चली आई प्राण जाए पर वचन न जाए।कथावाचक ने कहा कि राजा दशरथ ने अपनी पत्नी कैकई को जो वचन दिये थे उन्हें उन्होंने पूरा किया जिसके कारण भगवान राम को 14 वर्ष के वनवास पर अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ वनवास जाना पड़ा है।पिता के वचन का पालन भी भगवान श्रीराम ने मानते हुये 14 वर्ष तक राजा से वनवासी रूप धारण कर वनवास पूरा किया। श्री श्री बूढ़ी माता का प्रतिदिन मनमोहक श्रृंगार किया जा रहा है।माता को सुंदर वस्त्रों को धारण करने के बाद फूल मालाओं से सजाया जा रहा है।प्रतिदिन माता का श्रृंगार किया जा रहा है।मंदिर में माता के दर्शन के लिये बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस बल को तैनात किया गया है।

# जगद्गुरु शंकराचार्य और जैन मुनियों का सोहागपुर में होगा भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जगद्गुरु शंकराचार्य सोहागपुर के ग्राम करनपुर में हरगोविंद पुर्विया द्वारा निर्मित मंदिर में प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होंगे। फरवरी में ही सोहागपुर जैन समाज के वेदी प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जैन मुनि आएंगे।

इन सनातनी विभूतियों का क्षेत्र में भव्य स्वागत होगा। जिसके लिए गत दिवस बावड़ी वाले मंदिर में सकल हिंदू समाज की बैठक की गई व बताया गया है कि जैन समाज के भव्य कार्यक्रम की कलश यात्रा आठ फरवरी को निकाली जाएगी। जिसमें सकल हिन्दू समाज शामिल होगा, वहीं 10 फरवरी को जगद्गुरु शंकराचार्य के स्वागत की योजना भी बनाई गई है।



### इस तरह होंगे आयोजन

सोहागपुर जैन समाज अध्यक्ष अभिषेक जैन ने बताया कि वेदी प्रतिष्ठा कार्यक्रम सात से नौ फरवरी तक कन्या शाला के पीछे होगा। हरगोविंद पुर्विया ने बताया पांच से 11 फरवरी तक करनपुर में प्राण प्रतिष्ठा एवं कथा आयोजन होंगे। 10 फरवरी को शंकराचार्य जी का आगमन होगा। इस दौरान समाजसेवी कनूलाल अग्रवाल, कृष्णा पालीवाल, मंगल सिंह रघुवंशी, संतोष मालवीय, आलोक जायसवाल, हरगोविंद पुर्विया, मुकेश मालवीय, अभिषेक जैन, स्वामी आलोक जैन, माधव भावसार, मिश्रीलाल साहू, गजेंद्र चौधरी, शिवकुमार पटेल, संजय खंडेलवाल, धनराज तिवारी, राजकुमार रघुवंशी, विशाल गोलानी, रितेंद्र राजपूत, नीरज चौधरी व अन्य नागरिक उपस्थित थे।

# विधिक साक्षरता में मध्यस्थता जागरुकता की बैठक का न्यायालय में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा सहित न्यायाधीशों व विधिक साक्षरता समिति सचिव विजय कुमार पाठक की उपस्थिति में गत दिवस अधिवक्ता संघ सोहागपुर के कक्ष में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम की बैठक की गई है। जिसमें 14 मार्च 2026 को होने जा रही नेशनल लोक अदालत आयोजन पर चर्चा हुई। अधिवक्तागणों के साथ प्री-सिटिंग बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने लोक अदालत एवं मध्यस्थता योजना के माध्यम से राजीनामा के योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण की बात कही। इसके लिये सभी समस्त अधिवक्तागण से अपील की गई है कि सहयोग करें। इस दौरान न्यायालय परिसर सोहागपुर का निरीक्षण भी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा द्वारा किया गया।



### गणतंत्र दिवस पर सचिव संतोष साहू को किया सम्मानित

**माखन नगर।** ग्राम पंचायत कोटगांव के सचिव संतोष साहू को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री शिवाजी नरेंद्र पटेल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संतोष साहू ने समयावधि में अपने कार्यालयीन कार्य पूर्ण किए गए हैं इसलिए उनके सराहनीय कार्य को देखते हुए नर्मदा पुरम में गणतंत्र दिवस समारोह में यह सम्मान दिया गया यह प्रशस्ति पत्र क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह, एवं अन्य अतिथि गण ,जिले के वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति में दिया गया।

## सेवा भारती जिलाध्यक्ष ने छात्रावास में बेटियों के बीच बांटी खुशियां

# उपहार पाकर नन्हे चेहरों पर आई मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

समाज सेवा और संस्कारों को प्राथमिकता देते हुए सेवा भारती के जिलाध्यक्ष सतीश अग्रवाल सांवरिया ने अपना जन्मदिन सादगी और सेवाभाव के साथ मनाया। उन्होंने सपरिवार आशा महेंद्र शुक्ल जनजाति कन्या छात्रावास धुरपन पहुंचकर वहां रह रही छात्राओं के साथ समय बिताया और उनका आशीर्वाद लिया।

### शिक्षा और संस्कार पर दिया जोर

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया, जिसके बाद छात्रावास की बालिकाओं ने सुमधुर स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। इस मौके पर सतीश अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति शिक्षित और संस्कारित बेटियों से ही संभव है। उन्होंने बेटियों को जीवन में कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया।



### जन्मदिन पर पाए उपहार

जन्मदिन की खुशियों को साझा करते हुए श्री अग्रवाल ने छात्रावास की सभी कन्याओं को अल्पाहार, फल, खाने-पीने की सामग्री और वस्त्र भेंट किए। अपने बीच अतिथि को पाकर छात्राएं बेहद उत्साहित नजर आईं। छात्रावास के स्टाफ और छात्राओं ने उनके दीर्घायु होने और उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की।

इस अवसर पर सतीश अग्रवाल का परिवार, छात्रावास प्रबंधन का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में जनजाति कन्याएं उपस्थित रहीं। पूरा परिसर सेवा और सम्मान के इस अनूठे आयोजन से हर्ष और उल्लास के वातावरण में सराबोर रहा।

# रेल मजदूर संघ के महामंत्री का स्वागत निजीकरण और ओपीएस पर भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा का गुरुवार को इटारसी आगमन पर रेल कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। अल्प प्रवास के दौरान महामंत्री ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संगठन की प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया।

### 30 होगी बैठक

30 जनवरी को बीना में आयोजित होने वाली मंडल परिषद की बैठक की तैयारियों पर चर्चा हुई। महामंत्री ने स्पष्ट कहा कि रेलवे में निजीकरण को समाप्त करना, रिक्त पदों को भरने के लिए प्रशासन पर दबाव बनाना और ओल्ड पेंशन स्कीम की बहाली के लिए सरकार से निरंतर संघर्ष जारी है। मंडल संगठक प्रीतम तिवारी ने सभी शाखाओं के पदाधिकारियों से कल अधिक से अधिक संख्या में बीना पहुंचने का आह्वान किया है। स्टेशन प्रबंधक विनोद चौधरी और सीटीआई हेमंत सोनी ने माला एवं बुके देकर महामंत्री का स्वागत किया। इस दौरान भागीरथ मीणा, प्रीतम तिवारी, संतोष चतुर्वेदी, महाकाल कश्यप, राजेश यादव सहित डीजल शेड शाखा के पदाधिकारी और सैकड़ों युवा रेल कर्मचारी उपस्थित रहे।



### जाहिर आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया इटारसी के समक्ष सुदेवी शर्मा पत्नि कमल किशोर शर्मा एवं राकेश पिता कमल किशोर शर्मा के स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति परिवर्तित क्षेत्र मेहरागांव शहर इटारसी प.ह.न. 9/13 शीट नं. 24 खसरा नं. 71 रेवन्यू प्लाट नं. 86/4 रकवा 900 वर्गफुट जिसके पूर्व में- नगरपालिका का रास्ता, पश्चिम में- भारवेश जी का मकान, उत्तर में- पवन मालवीय का मकान, दक्षिण में- अतुल गौर का मकान जो वार्ड नं. 29 कस्तूरबा नगर मालवीयगंज इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम (होशंगाबाद) म.प्र. में स्थित है। जिसे अनुबंध के आधार पर साक्षी गौर पत्नि अतुल गौर द्वारा पंजीकृत बैनामा निष्पादित कराने के उपरांत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया इटारसी के पक्ष में बंधक प्रभारित कर प्रदत्त गृह ऋण सुविधा की गारंटी स्वरूप बंधक प्रभारित कर रहे है। उक्त संपत्ति की विक्रय पत्र की लिंक सेलडीड दिनांक 25/03/2006 पुस्त क्रमांक ए-1 ग्रंथ क्रमांक 1001 पृष्ठ क्रमांक 12-15 दस्तावेज क्रमांक 1563 जो विक्रेता सुरेश कुमार पवार आत्मज श्याम राव पवार ने क्रेता नजबुन निशा पत्नि अमीर खान को निष्पादित की थी उक्त लिंक सेलडीड स्वामी/अनुबंधकर्ता से गुम गये है जिसकी प्रथम सूचना प्रतिवेदन अनुबंधकर्ता द्वारा दर्ज करा दी गई है।
यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, वारिस, उत्तराधिकारी, बैंक, सोसायटी, नजूल, राजस्व म.प्र. शासन, शासकीय अथवा अशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक, भार, विलियन अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद उक्त संपत्ति/लिंक सेलडीड/लीजडीड पर हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय अथवा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया इटारसी में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति दर्ज करावें। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तत्पश्चात मेरा पक्षकार सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया इटारसी उक्त संपत्ति के संपूर्ण ओरिजनल दस्तावेज एवं लिंक सेलडीड/लीजडीड की प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त कर बंधक प्रभारित कर ऋण स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही कर ऋण प्रदान करेगा जिस पर कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय **एन. के साहू** अधिवक्ता
निधि चौहान अधिवक्ता
सेन्ट्रल बैंक के सामने, इटारसी
मो. नं. 9425040080

## खबर संक्षेप

### विधिक साक्षरता शिविर किया आयोजित

**देवास।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में जिला जेल देवास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र ने उपस्थित बंदियों को उनके प्रकरण में अधिवक्ता न होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास से प्रकरण में पैरवी एवं अपील करने हेतु निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किये जाने की जानकारी दी। साथ ही बंदियों को प्रेरित किया कि जेल में रहकर अपने बारे में चिंतन करें जिससे आप अपने को अच्छे माहौल में बदले जब भी आप जेल से बाहर जाए तो लोगों को लगे कि आप में एक अच्छा बदलाव आया है। साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने वाहन का बीमा करवाने से संबंधित जानकारी देकर जागरूक किया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव, जेल अधीक्षक जिला जेल देवास, स्टॉफ एवं बंदीगण उपस्थित थे।

### जिला सत्र न्यायाधीश ने अवकाश घोषित किए

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा देवास जिले में घोषित स्थानीय अवकाश के फलस्वरूप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवास अजय प्रकाश मिश्र द्वारा देवास जिले के मुख्यालय/तहसील न्यायालयों के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किये है। जिसके तहत 26 मार्च को 2026 चेत्र दुर्गाष्टमी संपूर्ण अनुभाग क्षेत्र खातेगांव, 22 सितम्बर 2026 डोलग्यारस को संपूर्ण अनुभाग क्षेत्र कन्नौद/बागली, 25 सितम्बर 2026 अनंत चतुर्दशी को अनुभाग क्षेत्र देवास/सोनकच्छ/टोंकखुर्द और 11 नवम्बर 2026 भाईदूज को संपूर्ण जिले के न्यायालयों के लिए अवकाश घोषित किया है।

### जिले में ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का जायजा लेने कलेक्टर प्रभावित क्षेत्रों के खेतों में पहुंचे

# पूरी पारदर्शिता व संवेदनशीलता के साथ सर्वे कार्य कर सभी प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा: ऋतुराज सिंह





### सोनकच्छ और हाटपीपल्या विधानसभा के प्रभावित गांवों के खेतों में पहुंचा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का जायजा लेने कलेक्टर ऋतुराज सिंह बुधवार को सोनकच्छ और हाटपीपल्या विधानसभा के प्रभावित गांवों के खेतों में पहुंचे। कलेक्टर सिंह ने सोनकच्छ विधानसभा के ग्राम पीरपाड़ल्या, मऊ एवं हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अमलाताज, बढ़ियामाण्डू, रम्मलखेड़ी, खजुरियाबिना का भ्रमण कर ओलावृष्टि के कारण हुए फसल नुकसान का अवलोकन किया। कलेक्टर सिंह ने ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान का अवलोकन कर राजस्व और कृषि विभाग के संयुक्त दल को फसल नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि कोई भी प्रभावित किसान मुआवजे के लिए छूटना नहीं चाहिए। निरीक्षण के दौरान विधायक सोनकच्छ डॉ राजेश सोनकर, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम सोनकच्छ प्रिया चंद्रावत सहित राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर सिंह ने राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि सर्वे में कोई लापरवाही न हो, प्रत्येक प्रभावित किसान को राहत मिले। इसका विशेष ध्यान रखा जाए कि किसी भी प्रभावित किसान का खेत सर्वे से न छूटे। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को अपने क्षेत्र में सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व एवं कृषि विभाग के दल द्वारा प्रभावित फसल का सर्वेक्षण कर ड्रोन वीडियो और फोटो निकालें। दल द्वारा पंचनामा बनाकर प्रभावित किसान की जानकारी ग्राम पंचायत में चस्पा भी कराये। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों के अवलोकन के दौरान किसानों से चर्चाकर उन्हें आश्वस्त किया है कि फसल नुकसान का पूरी पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ सर्वे कार्य कर आंकलन किया जाएगा। सभी प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जायेगा। सरकार आपके साथ खड़ी है, जैसे ही इस बात की सूचना मिली कि कल यहां पर काफी भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई है तो तत्काल ही तहसीलदार को यहां पर सर्वे करने का निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी प्रकार का प्राकृतिक हानि या आपदा होती है तो उसमें सरकार आप सभी के साथ खड़ी है और इसी के संबंध में कल रात को ही सर्वे करने के दिशा निर्देश दे दिये गये थे। आप सभी को मैं आश्वस्त करना चाहूंगा कि आप लोग चिंता ना करें। अच्छी तरीके से शीघ्र ही सर्वे पूरा करवाएंगे। सर्वे कराने के बाद उसकी पूरी सूची ग्राम पंचायत में यहां पर चस्पा भी की जाएगी और आप लोगों के देखने के लिए भी रहेगा कि आप लोगों कितना मुआवजा बन रहा है और जल्दी ही हम लोग आप लोगों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने के लिए पूरी तत्परता से काम करेंगे। उन्होंने किसानों से कहा कि आप लोगों ने फसल का बीमा भी करवा रखा है तो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए टोल फ्री नंबर 14447 पर कॉल कर फसल बीमा के लिए आवेदन कर सकते है। इसके अलावा स्मार्टफोन में क्रॉप इंश्योरेंस एप्लीकेशन है, उसको डाउनलोड करके भी आप आवेदन कर सकते हैं।





# युवती ने किया प्रेम विवाह, आदिवासी समाजजनों ने घेर लिया बागली थाना





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

बागली थाना अंतर्गत अंतर्जातीय प्रेम विवाह पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती पूर्ण रहा। मंगलवार शाम शुरू हुआ हंगामा 24 घंटों के बाद बुधवार को थमा। जब जाकर प्रशासन ने राहत की सांस ली। आदिवासी समाज की एक युवती के साथ बागली नगर के एक युवक द्वारा प्रेम विवाह करने से नाराज आदिवासी समाजजनों ने मंगलवार देर शाम बागली थाने का घेराव कर दिया था। 21 जनवरी को युवती व युवक ने सामाजिक एवं कानूनी रूप में प्रेम विवाह कर लिया था।

26 जनवरी को युवती अपने एडवोकेट के साथ थाना बागली पहुंची, जहां पर अपने बयान दर्ज कराएं, जिसके बाद भी हंगामा हुआ था। युवती को लेकर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव की आदिवासी युवती इंदौर में रहती है, उसने बागली के एक शासकीय शिक्षक के पुत्र से आर्य समाज मंदिर में विवाह किया।

मामले में पुलिस ने युवती के बयान भी पिछले दिनों दर्ज किए। वहीं इस मामले को लेकर मंगलवार शाम करीब 7 बजे युवती के रिश्तेदार व समाजजन बड़ी संख्या में बागली पहुंचे और युवक के घर के बाहर एकत्रित होकर हंगामा करने लगे। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश दी। इसके बाद सभी बागली थाने पहुंचकर थाने का घेराव कर दिया। युवती के परिजनों की मांग है कि हम लड़की को लेकर जाएंगे। उधर हालात को देखते हुए युवक के घर सहित अन्य स्थानों पर पुलिस तैनात की गई है। बुधवार सुबह से ही बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग बागली में एकत्रित हुए और लड़की को वापस परिजनों के सुपुर्द करने कि मांग करने लगे। सुबह से ही बरोठा, भौरासा, हाटपीपल्या, उदयनगर, कांटाफोड़, नेमावर सहित अन्य थानों व देवास से भी पुलिस बल बागली पहुंचा। बागली छावनी में तब्दील हो गया। पुरे दिन उक्त मामले को लेकर हंगामा चलता रहा।

दोपहर 1:35 पर सभी समाजजनों ने थाना चौराहे पर चक्का जाम कर चापडा बागली मार्ग पर आवागमन बंद कर दिया, जिसके कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान आदिवासी समाज के प्रतिनिधि के रूप में कांग्रेस विधायक उम्मीदवार रहें गोपाल भोसले, नंदू रावत, मुकेश वास्केल, मुकेश बामनिया सहित अन्य सामाजिक लोगों ने युवती के परिजनों के साथ मिलकर प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में युवती से भी चर्चा कर समझाने का प्रयास किया गया। युवती की मां व भाई सहित अन्य लोगों ने लगभग 4-5 घंटे तक युवती को समझाने का जतन किया लेकिन वह परिवार के साथ जाने के लिए राजी नहीं हुई। एसडीएम कार्यालय परिसर में पुलिस बल सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहें। युवती को भी वही रखा गया था। युवती बालिग होने के कारण प्रशासन भी बेब्स नजर आ रहा था। पुरे दिन थाना चौराहे पर लोगों की भीड़ जमी रही। एडिशनल एसपी सौम्या जैन, तहसीलदार नीरज प्रजापति, एसडीओपी बागली सृष्टि भार्गव, हाटपीपल्या थाना प्रभारी दीपक यादव, बागली टीआई अभिनव शुक्ला मौके पर मौजूद थे। युवती के परिजन उसे साथ ले जाने की मांग पर अड़े हुए थे। इस दौरान कन्नौद एसडीओपी आदित्य तिवारी ने चक्काजाम करने के दौरान सभी लोगों को बहुत समझाने का प्रयास किया लेकिन कोई समझने को तैयार नहीं था। चक्काजाम के दौरान लोगों अन्य रास्तों से निकलते हुए, नजर आएं। लगभग एक घंटे तक चक्का जाम किया गया। दोपहर 3:20 बजे अचानक सभी लोग उठें और एसडीएम कार्यालय की ओर भागते हुए आए और पुलिस द्वारा लगाए गए बैरीकेड गिराते हुए पत्थर बाजी करते हुए मुख्य गेट पर लात मारने लगे हैं। इस दौरान कुछ समय के लिए माहौल गर्मा गया। महिलाओ ने भी पत्थरबाजी की और गेट फांदने का भी प्रयास करने लगे। पुरे दिन चले हंगामे के बाद भी युवती परिजनों के साथ जाने के लिए राजी नहीं हुई। इसके बाद युवती को कड़ी सुरक्षा के बीच बागली से नारी निकेतन केंद्र के लिए रवाना कर दिया गया। जिसके बाद मामला शांत हुआ।

#### नहीं मान रही युवती

उक्त मामले को लेकर सभी अधिकारी दो दिनों से लगे हुए थे, परिजनों व अधिकारियों ने युवती को समझने का जतन किया था, लेकिन युवती नहीं मानी तो उसे नारी निकेतन केंद्र भेजा गया है। आगे कि कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में की जाएगी।

**नीरज प्रजापत**, तहसीलदार बागली

### युवा संगम में 145 युवाओं को मिला रोजगार

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार देवास जिले के युवाओं को निजी संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ''युवा संगम'' का आयोजन मल्हार स्मृति मंदिर देवास में गया। युवा संगम में निजी संस्थाओं द्वारा 145 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। युवा संगम में रोजगार प्राप्त करने के लिए 225 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया गया तथा 20 निजी संस्थाओं ने भाग लिया। युवा संगम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा युवाओं स्वास्थय परीक्षण भी किया गया। युवा संगम आयोजन में डिप्टी कलेक्टर ऋतु चौरसिया ने उपस्थित युवाओं एवं कम्पनी के एचआर मैनेजर को देवास जॉब पोर्टल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान जिला रोजगार अधिकारी उज्जैन विजेन्द्र बिजौलिया, प्राचार्य आईटीआई देवास हेमन्त दण्डोतिया, विनीत प्रकाश, आदर्श झा, जिला व्यापार एवं उदयोग विभाग देवास, स्वास्थय विभाग, रोजगार कार्यालय के अधिकारी/कर्माचारी उपस्थित थे।

## श्रीमद भागवत व रामायण ज्ञान गंगा प्रश्नोत्तरी स्पर्धा हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

**झिरन्या व भीकनगांव में तीन-तीन टीम का चयन, फाइनल 31 को**

यहां श्याम सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत एवं रामायण ज्ञान गंगा प्रश्नोत्तरी स्पर्धा 2026 में झिरन्या और भीकनगांव की तीन-तीन टीम का चयन किया गया। इनके मध्य यहां फाइनल प्रतियोगिता 31 जनवरी को होगी, जिसमें चयनित टीम के छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। यह स्पर्धा मंगलवार को उक्त दोनों स्थानों पर अलग अलग आयोजित की गई थी। जिसमें युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने और पवित्र धर्मग्रंथों के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था। मुख्य अतिथि संत राघवानंद भारती थे और अध्यक्षता जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने की। जबकि निर्णायक पं.रमेश चंद्र शर्मा थे। इस स्पर्धा में कक्षा 11वीं और 12वीं के मेधावी छात्र- छात्राओं को 30 प्रश्न पूछे गए थे। उन्होंने इस मौखिक प्रश्नोत्तरी- स्पर्धा में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि लखन मंडलोई, वरिष्ठ समाज सेवी गुरबीरसिंह भाटिया, आदर्श शिक्षा निकेतन के प्रधानाचार्य मेवालाल जायसवाल, सुधीर यादव, जनपद सदस्य प्रतिनिधि दीपक गौसर, पीयूष गंगराड़े, प्रतीक (बिट्टू) ठाकुर, कृष्णकुमार अग्रवाल, विश्वास गौसर, सिमरन भाटिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विकास शर्मा ने किया और डॉ.बृजेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### आदर्श नगर के भारत माता उद्यान में सजीव होगी गुरु तेगबहादुर की बलिदानी गाथा

# मां भारती की प्रतिमा और सामुदायिक भवन का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के स्टेशन रोड क्षेत्र स्थित वार्ड क्रमांक 32 अंतर्गत आदर्शनगर में नवनिर्मित भारत माता उद्यान में गुरु तेगबहादुर के बलिदान की अमर गाथा सजीव होगी। आदर्शनगर में नवनिर्मित उद्यान में तीन शेरों पर सवार, भगवा ध्वज थामे हुए, पृथ्वी पर आसन्न भारत माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। वार्ड क्र. 32 के पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष, ऊर्जावान भाजपा नेता राजेश यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला भेरूलाल अटारिया, अजय तोमर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा एक विशाल एवं गरिमामय कार्यक्रम में भारत माता की मनमोहक प्रतिमा का अनावरण किया गया।

गुरु तेगबहादुर सामुदायिक भवन सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया । कार्यक्रम में सर्वप्रथम वार्ड पार्षद निधि प्रवीण वर्मा द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया। वार्ड की समस्त मोहल्ला समितियों ने सांसद सोलंकी का स्वागत कर सांसद निधि से वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए हृदय से धन्यवाद दिया। उद्यान में स्वास्थ्य पथ एक्यूप्रेशर ट्रैक, ओपन जीम, झूले इत्यादि जनहितैषी संसाधन भी लगाए गए हैं। इस अवसर पर गुरु तेगबहादुर भवन के अंदर उनके जीवन पर निर्मित प्रदर्शनी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बनी भव्य रंगोली को लोकार्पित किया गया। पूर्व जिला महामंत्री पंकज वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। अतिथि उद्बोधन में वार्ड में विराजित भारत माता, गुरु तेग बहादुर भवन, अन्य विकास कार्यों हेतु पार्षद निधि प्रवीण वर्मा की। उन्होंने वार्ड 32 में किसी भी प्रकार के नशा, जुआ, सट्टा इत्यादि अवैध आपराधिक कार्यों के उन्मूलन पर भी पार्षद की सराहना की। भारत माता उद्यान में प्रतिमा अनावरण एवं गुरु तेगबहादुर सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में 1000 दीपकों से भारत माता की भावविभोर करने वाली विशाल जगमग आरती की गई। समरसता भोज भी आयोजित किया। अतिथि पार्षद अजय तोमर ने अपने उद्बोधन में वार्डवासियों को एक विकासशील पार्षद के चुनाव पर को चुनने की बधाई दी। जिला महामंत्री राजेश यादव ने वार्ड के विकास कार्यों पर शुभकामना प्रकट की। भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने वार्ड क्र. में संपादित समग्र विकास कार्यों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं पार्षद की सक्रियता से संपन्न हो रहे ट्रिपल इंजन का सुपरिणाम करार दिया। आभार पार्षद निधि प्रवीन वर्मा ने माना। कार्यक्रम के पश्चात वार्ड की संस्था शिवाय के सदस्यों ने मंचासीन अतिथियों को भारत माता की सुंदर, मनमोहक प्रतिमा भेंट की। कार्यक्रम में भाजपा नेता शंभू अग्रवाल, इतिहासकार दिलीप जाधव, अजीत भल्ला, पार्षद संजय दायमा, सोनू परमार, खुशबु निलेश वर्मा, ऋतु सावनेर, सहित गुरुसिंह सभा कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



### सेंट जॉन स्कूल में गणतंत्र दिवस पर हुए आयोजन

चापड़ा । सेंट जॉन हायर सेकेंडरी स्कूल में 26 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिशन हॉस्पिटल, हाटपिपलिया से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. के. के. दत्ता रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय के म्यूजिकल बैंड ग्रुप द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि दत्ता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स एवं हाउस-वाइज कैडेट्स द्वारा राष्ट्रीय तिरंगे को सलामी दी गई। तत्पश्चात म्यूजिकल बैंड ग्रुप के साथ राष्ट्रगान गायन किया गया।